>

Title: Regarding re-opening of CPWD office at Balurghat.

डॉ. सुकान्त मजूमदार (बालूरघाट) : सर, मैं इस शून्य काल में अपने क्षेत्र का एक बहुत ही महत्वपूर्ण इश्यू आपके ध्यान में लाना चाहता हूं । मेरा क्षेत्र, जो ऐस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट कहा जाता है, वहां बुनियादपुर में सीपीडब्ल्यूडी का सेंट्रल डिवीजन ऑफिस था । कोरोना काल के दौरान इस ऑफिस को क्लोज किया गया है । मैंने मंत्री जी को इस विषय में बहुत बार चिट्ठी लिखी है । एक ऑफिस क्लोज करना, सिर्फ ऑफिस क्लोज करने तक ही सीमित नहीं रह जाता है, एक सेंट्रल गवर्नमेंट के ऑफिस के साथ बहुत सारे लोगों का एम्प्लॉयमेंट जुड़ा होता है, जो कैजुअल स्टाफ के रूप में वहां पर काम करते हैं । इस कोविड काल में हमारी सरकार की नीति है कि लोगों की जॉब न जाए, नौकरी न जाए, उस समय इस सेंट्रल ऑफिस को बंद करना, मुझे लगता है कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है ।

सर, मुझे लगता है कि एज ए जन प्रतिनिधि, एक मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट के नाते इस तरह के डिसीजन होने से पहले उस क्षेत्र के जन प्रतिनिधि के साथ इस विषय में थोड़ा डिसकस करना चाहिए । मेरा आपके माध्यम से आदरणीण मंत्री जी से निवेदन है कि वे अपने सिद्धांत की पुनर्विवेचना करें और इस ऑफिस को खोलने का निर्देश दें ।